3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 27 फरवरी से

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के महानिदेशक के निर्देशानुसार नवनिर्वाचित पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को 27 फरवरी तक होने वाले 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का 7वां बैच 27 फरवरी से 1 मार्च 2023 तक पंचायत भवन कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सातवें बैच का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च 2023 तक होगा। सातवें बैच में शाहबाद ब्लॉक के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गुरुग्राम मेट्रो ने 10 महीनों में की बेहद प्रभावशाली प्रगति : कौशल

वर्ष 2022-23 में जनवरी तक कुल 34.24 करोड़ रुपए का राजस्व किया अर्जित

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
चंडीगढ़/धरणी

गुरुग्राम मेट्रो ने पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस वित्त वर्ष के विगत 10 महीनों में बेहद प्रभावशाली प्रगति दिखाई है। वर्ष 2022-23 में जनवरी तक कुल 34.24 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जबकि वर्ष 2021-22 की इसी अवधि में 6.78 करोड़ का लाभ हुआ था, जो 405 प्रतिशत सुधार दर्शाता है। मुख्य सचिव संजीव कौशल, जो एचएमआरटीसी के अध्यक्ष भी हैं, ने आज हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) के निदेशक मंडल की 51वीं बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सवारियों के साथ-साथ अन्य वाणिज्यिक और विपणन गतिविधियों में वृद्धि के कारण राजस्व में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 8500 यात्री प्रतिदिन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में दैनिक यात्रियों की संख्या भी 42000 प्रतिदिन हो गई है। कौशल ने एचएमआरटीसी के पिछले दस महीनों के राजस्व प्रदर्शन की सराहना की और यात्रियों को अंतिम मील कनेक्टिविटी प्रदान करके यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने तथा पार्किंग स्थल विकसित करके, विज्ञापन साइट की नीलामी/निविदा व किराया आदि के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए नए तरीके और साधन खोजने के लिए एक समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि बोर्ड ने एचएमआरटीसी द्वारा राजीव चौक से पंचगांव तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को भी मंजूरी दी गई। 20 स्टेशनों के साथ एमआरटीएस की कुल लंबाई लगभग 35 किलोमीटर होगी। बैठक में बताया गया कि हुडा सिटी सेंटर से से साइबर सिटी, गुरुग्राम तक 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो परियोजना को भी पीएम गति शक्ति परियोजनाओं में शामिल किया गया है। कौशल ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी को डबल डेकर वाया-डक्ट के लिए भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनसीटी दिल्ली सरकार से सराय-काले-खां (एसकेके)-शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़ (एसएनबी) और सराय-काले-खां (एसकेके)-पानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर की डीपीआर की मंजूरी देने का अनुरोध किया जाएगा। एनसीटी सरकार से भी इन परियोजनाओं के लिए अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को प्रदान करने के लिए कहा जाएगा। यह परियोजनाएं दैनिक यात्रियों के साथ-साथ आम जनता को कुशल और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली प्रदान करेंगी। इससे गुरुग्राम और इसके आस-पास के क्षेत्र में व्यावसायिक विकास को भी गति देगा। बैठक में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुधीर राजपाल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक और एचएमआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री अजीत बालाजी जोशी सहित अन्य बोर्ड सदस्य मौजूद थे।

डीएलएड की परीक्षाओं के चलते जिलाधीश ने लगाई धारा-144

सोनीपत/सैनी: जिलाधीश ललित सिवाच ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के तत्वावधान में 27 फरवरी से 28 मार्च 2023 तक आयोजित की जाने वाली 10वीं, 12वीं (अकादमिक/ओपन)तथा डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन(डीएलएड) प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं के चलते धारा-144 लगाई है। इन परीक्षाओं का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से 03:30 बजे तक होगा। जिलाधीश ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में बोर्ड कक्षाओं की रि-अपीयर/कंपार्टमेंट/अतिरिक्त विषय/प्वाईंट करैक्शन और डीएलएड (रेगुलर/रि-अपीयर) सप्लीमेंट्री परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों की परिधि में किसी भी कारण से होने वाले तनाव को रोकने व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से धारा-144 लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों के जमावड़े पर रोक रहेगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति इस परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार (आग्नेय अस्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासी, चाकू इत्यादि) लेकर नहीं चल सकता।

फरीदाबाद में आयोजित हिन्दी कवि सम्मेलन के दौरान उपस्थित गणमान्य।

एनएचपीसी ने 'हिन्दी कवि सम्मेलन' करवाया

फरीदाबाद/उत्तम हिन्दू न्यूज

एनएचपीसी ने निगम में राजभाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक भव्य हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। आरके विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया। वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) / निदेशक (कार्मिक), आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), विश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। श्रीमती चंचल विश्नोई, श्रीमती पुष्पा चौबे, श्रीमती गायत्री गोयल सहित महिला कल्याण संघ की अन्य सदस्याएं भी कवि सम्मेलन में मौजूद रहीं। इस अवसर पर आर.के. विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी ने एनएचपीसी के सीएमडी का पदभार ग्रहण करने के बाद एनएचपीसी के सभी कार्मिकों के समर्पण, प्रयासों और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं के परिणामस्वरूप न केवल दूरस्थ और कठिन स्थानों में 22 बिजली परियोजनाओं का निर्माण हुआ, बल्कि कुशलतापूर्वक इन पावर स्टेशनों का संचालन भी हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि एनएचपीसी बोर्ड अपने कार्मिकों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कवि सम्मेलन के दौरान पद्मश्री सुनील जोगी, शंभू शिखर, योगेंद्र शर्मा, विनीत चौहान, राजेश चेतन, राजेश अग्रवाल और श्रीमती गौरी मिश्रा जैसे प्रसिद्ध कवियों ने विभिन्न काव्य 'रसों' और राष्ट्रीयता एवं सामाजिक मुद्दों पर आधारित विभिन्न काव्य पाठों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जिला परिषद के नव निर्वाचित प्रधान व उप प्रधान ने ली पद की शपथ

पंचकूला/शर्मा : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने आज जिला सचिवालय के सभागार में जिला परिषद के नव निर्वाचित प्रधान सुनील कुमार तथा उप प्रधान पूजा रानी को अपने-अपने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधान सुनील कुमार तथा उप प्रधान पूजा रानी ने शपथ ली कि वे सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखेंगे और प्रधान व उप प्रधान के पद के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और शुद्ध अंत- करण से निर्वहन करेंगे तथा वे सभी प्रकार के लोगों के साथ बिना किसी भय या पक्षपात, स्नेह या वैमनस्य के संविधान तथा विधि के अनुसार न्याय करेंगे। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला भी उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक से पॉलीथीन को प्रयोग न करने का दिया संदेश

नीलोखेड़ी/आहूजा : माउंट वर्ल्ड स्कूल किसानबस्ती की ओर से नुक्कड़ नाटक व रैली निकाल लोगों को पॉलीथीन न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक प्रवीन कुमार व प्रधानाचार्य भूमिका के नेतृत्व में निकाली गई। उन्होंने दुकानदारों को कपड़े से बनी थैलियां भी बांटी। नगर पालिका अध्यक्षा सनमीत कौर आहूजा, सचिव अजीत कुमार अरोड़ा, मोटीवेटर नरेश कुमार, पिंकी व सोनिया ने विद्यालय व स्कूल के बच्चों द्वारा किए इस काम की सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि पॉलीथीन जहां कई रोगों का कारण बनता है व नालीयों के पानी की निकासी को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम में शिक्षिक अमनदीप, अमनदीप, कविता, आरती व नवदीप भी मौजूद रहे।

रूपचंद बने कुंजपुरा ब्लॉक समिति के चेयरमैन

इन्द्री/अनेजा : खंड कुंजपुरा के ब्लॉक समिति चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चुनाव आज सर्वस मति से संपन्न हो गया है। इस खंड में 16 सदस्य हैं जिनमें से आज 14 सदस्य मौके पर पहुंचे। इस मौके पर सर्वस मति से कुंजपुरा के रहने वाले रूपचंद को चेयरमैन पद के लिए चुन लिया गया। वही पर वाइस चेयरमैन के लिए गांव चांदसमंद के सोहन सिंह के नाम पर सहमति बनी। गौरतलब है कि चेयरमैन का पद एससी के लिए आरक्षित था। यह चुनावी प्रक्रिया चौथी बार हुई है। इससे पहले तीन बार चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चुनाव स्थगित करना पड़ा था। आज की चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी इंद्री के एसडीएम राजेश पुनिया की देखरेख में हुई। सुबह 10 बजे से लेकर के 11 बजे तक सभी सदस्यों की एंट्री का समय था। उसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई और सभी ने सहमति जताते हुए सर्वसम्मति से रूपचंद को चेयरमैन व सोहन सिंह को वाइस चेयरमैन चुन लिया गया। दोनों ही उम्मीदवार सरकार समर्थित बताए जा रहे हैं। नवनियुक्त चेयरमैन व वाईस चेयरमैन ने भरोसा दिलाया कि वो सभी को लेकर के अपने खंड के विकास के लिए कार्य करेंगे।

अच्छी सोच से जीवन भी अच्छा हो जाता है : उषा दीदी



नीलोखेड़ी/आहूजा : पंजाबी भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय महाविद्यालय द्वारा भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक धर्मपाल गोंदर मौजूद रहे, व कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्षा सनमीत कौर आहूजा ने की इसमें विशेष तौर पर विश्व हिन्दु पर्षद के प्रसार समिति के सदस्य पंकज शर्मा भी शामिल हुए। मंच का संचालन भाई मेहर चंद ने किया। इस अवसर पर माउंट अबू से पधारी अमृतवाणी, राजयोगिनी, व माउंट अबू संस्थान की प्रमुख प्रवक्ता उषा दीदी ने कहा कि भौतिक वाद में फंस कर इंसान अशांति का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा की हम जैसा कर्म करेंगे हमें वैसा ही फल मिलेगा। इसलिए हमें अच्छे कामों की पूंजी इकट्ठी करनी चाहिए। इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गोंदर, नपा. अध्यक्षा सनमीत कौर आहूजा व पंकज शर्मा ने मुख्य वक्ता उषा दीदी के प्रवचनों सराहना करते हुए कहा कि उनके यहां आने से क्षेत्र में एक सार्थक संदेश गया है। संस्थान की संचालिका संगीता दीदी व प्रेम दीदी ने मुख्य प्रवक्ता व श्रोताओं का धन्यवाद किया।

देह व्यापार के आरोप में 11 युवतियां व 4 युवक काबू

करनाल/डा. हरीश चावला

सीएम सिटी में फिर से देह व्यापार के गोरखधंधे का पर्दाफाश हुआ है। बडी हैरानी की बात यह है कि यह गोरखधंधा उस स्थान के निकट चल रहा था जहां जिले का सारा प्रशासन अमला मौजूद रहता है। ऐसा नहीं है कि इस गोरखधंधे की खबर पुलिस या प्रशासन को नहीं है। लेकिन कमाल की बात है कि कमोबेश लघु सचिवालय के निकट सुपर माल के अंदर जो स्पा सेंटर बने हुए है उनमें यह गोरखधंधा चल रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहां से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। फिलहाल इस मामले में 11 युवतियों को काबू किया गया है। इसके अलावा चार युवक भी काबू किए गए हैं। करनाल के डीएसपी मुकेश कुमार ने खुलासा किया कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही हे। इसमें 3 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। डीएसपी ने यह भी खुलासा किया कि पहले भी पुलिस यहां रेड कर चुकी है। तब भी गिरफ्तारी की गई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिसके आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक यह सुपरमाल ठीक लघु सचिवालय के सामने मौजूद है। जहां बनाए गए स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य चल रहा था। मजे की बात यह है कि इन स्पा सेंटरों में बैड तक मौजूद थे।

रोटरी क्लब की टीम ने महाराणा प्रताप पार्क का किया दौरा

शहर के पार्क का निरीक्षण करते रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन के पदाधिकारी।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

रादौर/जसवंत : रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन की टीम ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप पार्क रादौर का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने प्रधान रमेश रावल के नेतृत्व में रोटरी क्लब रादौर की ओर से पार्क में करवाये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने पार्क में साफ सफाई, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों, सेल्फी पॉइंट, पीने के पानी, लाइट व्यवस्था, शौचालयों, चिल्ड्रन पार्क, पौधों व घास के रखरखाव के कार्यों का जायजा लिया। प्रधान रमेश रावल, रवि प्रकाश व अनुभव गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब की ओर से नगरपालिका पार्क में शानदार कार्य किया गया है। पार्क का क्लब की ओर से बेहद सुंदर रखरखाव किया गया है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है। क्लब की ओर से हर महीने हजारों रुपये रखरखाव पर खर्च किए जा रहे है। जिससे शहर के लोगों को एक बेहतर पार्क मिल सके। जिसके लिए क्लब के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। इस अवसर पर क्लब के उप प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा, ब्रह्म प्रकाश टंडन, देवीदयाल अरोड़ा, सुनील माटिया, अशोक गर्ग, चारूल वशिष्ठ, विपिन कांबोज अलाहर आदि मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय मंजिल, प्लाट नं. 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जैसे कि गैर प्रदर्शित सम्पत्तियों (एनपीए) वर्गीकृत खातों और बैंक से उनके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा के इंट्रेस्ट और मूलधन पुनः अदायगी में दोषी निम्नलिखित ऋणदाताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा सुरक्षित क्रेडिटर के प्रावधान अनुसार उनके अंतिम दिए पते पर सिक्योरिटी इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण और प्रतिभूतिकरण की धारा 13 (2) के अन्तर्गत उनको नोटिस जारी किया गया था, जो वापस नहीं गया था उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता	प्रतिभूति सम्पत्ति की सम्पत्ति का पता/इनफोर्सड हुई सम्पत्ति	सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि	एनपीए तिथि
1.	ज्ञानी राम पवन कुमार, रमा गोयल पत्नी स्वर्गीय पवन कुमार, नरेश कुमार पुत्र स्वर्गीय पवन कुमार, अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय पवन कुमार, बबली पुत्री स्वर्गीय पवन कुमार, सरोज पुत्र स्वर्गीय पवन कुमार, रमा गोयल पत्नी स्वर्गीय श्री पवन कुमार, ज्ञानी राम पवन कुमार-शॉप नं. 244, अनाज मंडी, उचाना, तहसील-नरवाना, जिला-जींद, जींद A/c No:- 377205000162	कमर्शियल सम्पत्ति स्थित शॉप नं. 244, अनाज मंडी उचाना जिला-जींद, 126115 रकबा संबंध में स्थानांतरण बिक्री विलेख संख्या 3705 दिनांक 4/9.2014 जींद।	28-दिसंबर-2022 रु. 30,48,352/-	08/17/ 2022
2.	ओमप्रकाश, दीपिका, ओमप्रकाश पुत्र खजान चंद, रिया कंसल पुत्री ओमप्रकाश, ओमप्रकाश पुत्र खजान चंद, वार्ड नं. 13, अनाज मंडी कलायत, गांव-कलायत, गांव-कलायत, जिला कैथल, कैथल। A/c No:- 378805000038	प्लॉट नंबर 52 मंडी टाउनशिप कलायत रजिस्ट्री संख्या 128/1 दिनांक 25.04.2014 जैसा कि कलायत कैथल हरियाणा के कार्यालय में पंजीकृत बिक्री विलेख में पूरी तरह से विस्तृत और वर्णित।	03-दिसंबर-2022 रु. 24,64,406/-	08/02/ 2022
3.	मनी राम राजेश कुमार, राकेश कुमार अंजू रानी, सिवानी, अंजू रानी, सिवानी, इसके प्रोपराइटर राकेश कुमार, ओल्ड ग्रेन मार्केट, जिला-कैथल, जिला कैथल, कैथल। A/c No:- 086105500040	कमर्शियल सम्पत्ति स्थित बूथ नं. 104, न्यू ग्रेन मार्केट, जिला-कैथल कैथल 136027.	16-दिसंबर-2022 रु. 24,89,512/-	07/11/ 2022
4.	मैसर्स मेडीसिन शॉपी, पवन अरोड़ा, तारिका, पवन अरोड़ा प्रोपराइटर पवन अरोड़ा द्वारा प्रतिनिधित्व, 326, जगाधरी रोड, यमुनानगर, यमुनानगर, यमुनानगर, जिला-यमुनानगर, यमुनानगर। A/c No:- 662405600787	शॉप बेयरिंग सम्पत्ति नं. बी2/94 पीपीआईडी नं. 372सी534यू507 विश्वकर्मा मोहल्ला जिला-यमुनानगर हरियाणा एवं होम बेयरिंग सम्पत्ति नं. बी-4-430 पीपीआईडी नं. 384सी82यू145 विश्वकर्मा मोहल्ला जिला-यमुनानगर हरियाणा।	16-दिसंबर-2022 रु. 20,32,632/-	08/03/ 2022
5.	नवीन ट्रेडिंग कंपनी, योगेश गोयल, दीपिका, देवी प्रसाद, सरोज देवी, सुभाष चंद, देवी प्रसाद, सरोज देवी, सुभाष चंद, प्रोपराइटर योगेश गोयल द्वारा प्रतिनिधित्व शॉप नं. 88, बी, न्यू ग्रेन मार्केट, कैथल, कैथल, जिला-कैथल, कैथल। A/c No:- 086105001862 & 086155000020	कमर्शियल सम्पत्ति स्थित शॉप नं. 88 बी, एम सी के नम्बर 446/15 न्यू ग्रेन मार्केट कैथल-136027.	16-दिसंबर-2022 रु. 51,37,756/- एवं रु. 7,09,475.88/-	10/31/ 2022
6.	मैसर्स पूर्वी मैनेजमेंट ग्रुप, बलजीत सिंह पुत्र रामदिया, मोनिका पत्नी बलजीत सिंह, रजनी देवी पत्नी रामदिया, रजनी देवी पत्नी रामदिया, प्रोपराइटर बलजीत सिंह द्वारा प्रतिनिधित्व शॉप नं. 12, सुभाष मार्केट, करनाल रोड कैथल, जिला कैथल, जिला-कैथल, कैथल। A/c No:- 086105002498	पीपीआईडी नंबर 142सी105यू554 वाला एक घर जिसका निर्माण 210 वर्ग गज - 7 मरले की भूमि पर किया गया। कुल भूमि मापित 17 कनाल में से 7/346 शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला, 06 मरला, जिसमें पट्टी गदर स्थित खेवट नंबर 155/139 शामिल है, नगरपालिका सीमा के भीतर, कैथल पूरी तरह से विस्तृत और जैसा कि के कार्यालय में पंजीकृत 6089/1 दिनांक 10.01.2011 में वर्णित है।	23-दिसंबर-2022 रु. 24,34,191.88/-	08/22/ 2022
7.	आर के ट्रेडिंग कंपनी, राजेश धानुका, शारदा देव, माया देवी, शारदा देव, माया देवी, प्रोपराइटर राजेश धानुका द्वारा प्रतिनिधित्व शॉप नं. 110 ए न्यू अनाज मंडी, ऐलनाबाद, सिरसा ऐलनाबाद, सिरसा ऐलनाबाद, जिला-सिरसा, ऐलनाबाद A/c No:- 359405001544 & 359455000018	संशोधित डीड संख्या 3393 दिनांक 15.2.2019 के तहत ट्रांसफर डीड संख्या 2375 दिनांक 19.11.2014 द्वारा ऐलनाबाद की नगर पालिका सीमा के भीतर मापित 22×55 यानी 134.44 वर्ग गज प्लॉट पर निर्मित हाउस टैक्स नंबर 5008 संपत्ति कर आईडी नंबर वाला एक घर ऐलनाबाद। स्थानांतरण विलेख संख्या 2375 दिनांक 19.11.2014 सहित संशोधित विलेख संख्या 3394 दिनांक 15.2.2019 उप पंजीकृत ऐलनाबाद के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत।	31-जनवरी-2023 रु. 21,85,314/- एवं रु. 1,87,038.43/-	09/02/ 2022

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणदाताओं और/ या उनके ग्रांटरों को सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर-भीतर बकाया अदायगियों को (जहां भी लागू हो) हिदायत दी जाती है, वरना सुरक्षित इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के वित्तीय सम्पत्तियों और प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण और विनिर्माण के प्रावधानों अनुसार उपरोक्त जारी सूचना अवधि की समाप्ति के पश्चात अगले कदम लागू होंगे।

तिथि: फरवरी 24, 2023
स्थान: हरियाणा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया कर रहा लोगों को जागरूक

करनाल/आशुतोष गौतम : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के आगमी प्रकल्पों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा देश के सभी राज्यों में सत्यनिष्ठा की शपथ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अंतर्गत टीम के सदस्यों द्वारा आमजन से सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाकर उन्हें सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जा रही है की न रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे, भ्रष्टाचार उन्मूलन की जागरुकता के लिए कार्य करेंगे, किसी भी भ्रष्टाचार की घटना का पता चलते ही संबंधित एजेंसी को उसकी सूचना देंगे, सदैव कानून का पालन करेंगे, अपने सभी कार्य ईमानदारी एवं पारदर्शिता से करेंगे व हमेशा जनहित के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चीफ डायरेक्टर रणजोध सिंह, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विशाल काठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा, राष्ट्रीय निदेशक गगनदीप मल्होत्रा, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विजिलेंस एवं अपराध प्रकोष्ठ गुरमीत सिंह, राष्ट्रीय संयोजक अश्विनी कम्बोज ने भाग लिया।

नेशनल मास्टर्स एथलीट्स खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

पानीपत/राम मेहर कौशिक : लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री के मीडिया कार्डिनेटर रणदीप घनगस ने नेशनल मास्टर्स एथलीट्स खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के मीडिया कार्डिनेटर रणदीप घनगस ने इन सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ओं) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ओं)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(यों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	प्रदीप अनिल (ऋणदाता) नमिता (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHSNP00001332203	शॉप नं. 20, 21, 22, ग्राउंड फ्लोर, पश्चिम भाग, मेहंदरा बेहंदरा अरबा, ए जेल मोमिता, पुख्ता पक्का, अबादी मजहर, मोहल्ला मोहनपुरा, अंदर हद्दूद, सोनीपत, नजदीक गीता भवन चौक, हरियाणा:-131001	रु. 36,05,069/- 23, मार्च 2023	रु. 49,20,750/- रु. 4,92,075/-	13 मार्च 2023 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	15 मार्च 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **14 मार्च, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **14 मार्च 2023 सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001 में 14 मार्च, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **सोनीपत** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: फरवरी 25, 2023
स्थान: सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, पूर्व-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ओं) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ओं)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(यों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	राकेश कुमार (ऋणदाता) कविता रानी (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHJND00000832626	खेवट नं. 85 मुरब्बा नं. 150 किला नं. 15/1, वाका रकबा मौजा राम कालोनी जींद जींद हरियाणा-126102.	रु. 33,89,020/- 20 फरवरी 2023 को	रु. 11,92,968/- रु. 1,19,300/-	13 मार्च, 2023 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	15 मार्च 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टैक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- **https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **14 मार्च, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, पूर्व-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **14 मार्च 2023 सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, पूर्व-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001** में 14 मार्च, 2023 को सायं 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **जींद** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: फरवरी 25, 2023
स्थान: जींद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड